इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का जागृति लाना है। अतः आप यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक युवा इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

**संलग्न-उपरोक्तानुसार।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सदस्य सचिव
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला पंचायत- सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक / 136 / SBMG / जि0पं0 / 2018 सूरजपुर दिनांक ..5..5../18

प्रतिलिपिः-

1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, पंग्राविवि रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सूरजपुर की ओर सूचनार्थ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सदस्य सचिव
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला पंचायत- सूरजपुर (छ0ग0)

Scanned with CamScanner

9-8-17







कार्यक्रम:- "स्वच्छ भारत इंटर्नशीप / समर इंटर्नशीप 2017-2018"

विवरण:- नारियल के "डब" के अनुपयोगी भाग का पौधा रोपने में उपयोग करते हुए।




"माननीय प्रधानमंत्री श्री द्वारा ऑन लाइन संवाद एवं उद्बोधन"

विषय:- परीक्षा पर चर्चा।

दिनांक- 16.02.2018

विवरण:- इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय शिलफिली जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
## जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 10.02.2018

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय विभाग द्वारा बच्चों को कृमि रोग से बचाने के लिए प्रति वर्ष 10 फरवरी एवं 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारत में कृमि से होने वाले रोगों से मुक्ति पाना है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग जिला सूरजपुर से प्राप्त निर्देश अनुसार महाविद्यालय के छात्र जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है उन्हें अल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाए जाने का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम हेतु स्वास्थ्य विभाग से आए श्री बोधन राम एवं मितानीन श्रीमती मनियारो किंडो द्वारा महाविद्यालय के छात्रों कृमि रोग से संबंधित जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया की भारत में लगभग 241 मिलियन बच्चे इस रोग से ग्रसित हैं। यह रोग मुख्य रूप से एस्केरिस एवं वाउचेरिया कृमि के द्वारा फैलता है। यह कृमि हमारे अंत में पाए जाते हैं और मल के द्वारा बाहरी वातावरण में फैलाए जाते हैं प्रदूषित जल एवं प्रदूषित सब्जी खाने से यह कृमि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमित होते हैं। इसके संक्रमण से शरीर में एनीमिया, हाथी पाव रोग एवं सिर दर्द तथा पेट संबंधित विकार उत्पन्न होते हैं। इन रोगों में एनीमिया के कारण और कई प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं जबकि एलिफेंटाइसिस या हाथीपाव एक भयानक एवं लाइलाज रोग है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के द्वारा इस रुप से संबंधित अन्य शंका का समाधान किया गया। अंत में वे छात्र जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी थी उनको महाविद्यालय में ही मितानिन की देखरेख में टेबलेट खिलाया गया। जिन

Principal
Govt. College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

छात्रों को टेबलेट खिलाया गया उनकी सूची बनाकर मितानिन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग जिला सूरजपुर को प्रेषित किया गया।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को एल्बेण्डाजोल टेबलेट (दवा) का वितरण - 10.2.2018

Scanned with CamScanner

## शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
## जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 27.01.2018

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों द्वारा पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के एन. एस. एस. छात्रों ने पल्स पोलियो अभियान (2018) मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर में जाकर 1 से 5 वर्ष के बच्चों को वहां के चिकित्सकों की निगरानी में पल्स पोलियो दवा पिलाई। इस कार्य में महाविद्यालय के छात्रों में जयंती राय ,जयधन एवं सुंदर साए ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के चिकित्सक डॉ चौधरी एवं डॉ जितेंद्र यादव द्वारा छात्रों की इस कार्य के लिए उन्हें बधाई दी एवं धन्यवाद दिया।




पोलियो ड्राप पिलाते हुए छात्रा
कु. जयंती राय, B.Sc. II

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 25.01.2018

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर से प्राप्त निर्देशानुसार 25 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर से की गई। बिश्रामपुर मुख्य मार्ग से होते हुए रैली सिलफिली बस स्टैंड तक पहुंची वहां छात्रों के द्वारा नगर भ्रमण किया गया एवं लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में नारा एवं पोस्टर बैनर द्वारा लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। रैली में ज्योति कुशवाहा, समीना परवीन, जयधन, प्रीति कुशवाहा, अभिजीत कुशवाहा, सुंदरसाय, जयंती राय आदि छात्रों ने भूमिका निभाई। इस रैली को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक श्री वी. के. त्रिपाठी, श्री अमित सिंह बनाफर श्री भरत लाल, अजय कुमार तिवारी, श्री संदीप सोनी, श्री आशीष कौशिक, श्रीमती अंजना, श्रीमती शालिनी कुजुर प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2018 के जिला स्तरीय कार्यक्रम जो कि शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम मेंमहाविद्यालय के 2 छात्र कुमारी मनीषा डाकुआ एवं अशोक कुमार यादव जिन्होंने कैंपस एंबेसडर के रूप मतदाता जागरूकता अभियान में कार्य किया इनको इस कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
## जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

दिनांक– 25.01.2018

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर से प्राप्त निर्देशानुसार 25 जनवरी 2018 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर से की गई। बिश्रामपुर मुख्य मार्ग से होते हुए रैली सिलफिली बस स्टैंड तक पहुंची वहां छात्रों के द्वारा नगर भ्रमण किया गया एवं लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में नारा एवं पोस्टर बैनर द्वारा लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। रैली में ज्योति कुशवाहा, समीना परवीन, जयधन, प्रीति कुशवाहा, अभिजीत कुशवाहा, सुंदरसाय, जयंती राय आदि छात्रों ने भूमिका निभाई। इस रैली को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापक श्री वी. के. त्रिपाठी, श्री अमित सिंह बनाफर श्री भरत लाल, अजय कुमार तिवारी, श्री संदीप सोनी, श्री आशीष कौशिक, श्रीमती अंजना, श्रीमती शालिनी कुजुर प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2018 के जिला स्तरीय कार्यक्रम जो कि शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम मेंमहाविद्यालय के 2 छात्र कुमारी मनीषा डाकुआ एवं अशोक कुमार यादव जिन्होंने कैंपस एंबेसडर के रूप मतदाता जागरूकता अभियान में कार्य किया इनको इस कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

महोदय डॉ रामकुमार मिश्र ने इस रैली के सफल आयोजन हेतु सभी छात्रों एवं प्राध्यापकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




रैली :- राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जन. 2018




मतदाता जागरूकता रैली
स्थान - बस स्टैण्ड सिलफिली

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com


## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार तथा कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में महिलाओं के संवैधानिक अधिकार तथा विधिक अधिकार संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30 नवंबर 2017 को किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कुल 248 छात्र-छात्राओं में से 108 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को कक्ष क्रमांक 3, 4, 5 तथा 6 में बैठाया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में से कुल 7 विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान के लिए चयनित हुए।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिजीत विश्वास बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान डब्ल्यू राम बीए अंतिम वर्ष तथा अंकों की समानता के आधार पर 5 प्रतिभागियों--संजय कुमार मंडल, निलेश , अशोक कुमार यादव, देवेंद्र कुमार तथा समीना परवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शासन के निर्देशानुसार आयोजन का विवरण आयुक्त उच्च शिक्षा तथा संयुक्त सचिव राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार को निर्धारित प्रारूप में भेजा गया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों तथा स्टाफ का सहयोग रहा।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

कक्ष क्रमांक:– 03,04,05,06 उपस्थिति पत्रक/अंक सूची

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (राष्ट्रीय महिला आयोग) दिनांक 30/11/17

| | प्रतिभागियों के नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | प्राप्तांक/100 | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sadhna Singh | B.Sc. I st year | Sadhna | 60 | |
| 2 | Jayanti Roy | B.Sc. I st year | Jayanti | 50 | |
| 3 | Anuradha Singh | B.Sc. I st year | Singh | 60 | |
| 4 | Sumanti Lakra | B.Sc I st year | Sumanti | 50 | |
| 5 | Saroj Ravi | B.Sc I year | Saroj | 46 | |
| 6 | Sushma Rajwade | B.Sc. I year | Sushma | 44 | |
| 7 | Pooja Singh | B.Com II year | Pooja Singh | 46 | |
| 8 | Shyambai Rajwade | B.Com I year | Shyambai | 56 | |
| 9 | Anchal Paikra | B.Com II | Anchal | 62 | |
| 10 | Priyanka Das | B.Sc I | Priyanka Das | 50 | |
| 11 | Jaya Biswas | B.Sc I | Jaya Biswas | 48 | |
| 12 | Rani Kushwaha | B.Sc I | Rani | 46 | |
| 13 | Kiran Roy | B.Sc I | Kiran | 44 | |
| 14 | Devendra kumar giri | B.Sc II | Devendra | 64 | तृतीय |
| 15 | Abhishek Kumar Bala | B.Sc I | Bala | 54 | |
| 16 | Anuj Yadav | B.Sc I | Yadav | 50 | |
| 17 | Tapeshwari Sarthi | B.S.C-I | T.Sarthi | 60 | |
| 18 | Chanda minj | B.Sc-I | Chanda | 54 | |
| 19 | Sheetal | B.Sc-I | [illegible] | 42 | |
| 20 | Kranti | B.Sc-I | Kranti | 58 | |
| 21 | Ravina Tekam | B.Sc-I | Ravina | 40 | |
| 22 | Shanti yadav | B.S.C-I | Shanti | 44 | |
| 23 | Sundar Sai singh | B.S.C-I | Sundar Sai | 36 | |
| 24 | [illegible] | B.S.C-I | [illegible] | 46 | |
| 25 | Shekhar Sarkar | B.Com II | Shekhar | 56 | |
| 26 | Mithun Sarkar | B.Com III | [illegible] | 48 | |
| 27 | Sanjay mandal | B.Com II | [illegible] | 64 | तृतीय |
| 28 | Rohit Gupta | B.Com. II. | [illegible] | 50 | |
| 29 | RAJESH kumar Rajwade | B.S.C I | [illegible] | 52 | |
| 30 | Ravi Parsad | B.Sc I | Ravi | 60 | |

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग.email-govt.collegesilphili @gmail.com

दिनांक 19 जनवरी 2019


## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ट्री गार्ड का निर्माण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली परिसर में दिनांक 19 जनवरी 2019 को महाविद्यालय परिसर के पौधों के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों की सहायता से आठ ट्री गार्ड का निर्माण किया। परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु कुछ फूलदार तथा फलदार पौधों का भी रोपण किया गया था जिसकी देखरेख आवश्यक थी। उक्त कार्य की देखरेख तथा सहयोग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर तथा अन्य प्राध्यापकों ने किया।

उक्त आयोजन में महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




ट्री गार्ड का निर्माण करते रासेयो के महाविद्यालय की इकाई के विद्यार्थी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

दिनांक 18 जनवरी 2019

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में स्वामी विवेकानंद के जयंती विशेष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम 15 जनवरी 2019 को "विवेकानंद का कर्मवाद" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त निबंध प्रतियोगिता में देवेंद्र गिरी बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा समीना परवीन बी ए द्वितीय वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


इसी तारतम्य में 18 जनवरी 2019 को अपराहन 2:00 बजे महाविद्यालय परिसर में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बीके त्रिपाठी जी थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जन्म और उनके बचपन के की घटनाओं के तथ्यों पर अपने विचार रखे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अध्ययन और उनकी स्मरण शक्ति के बेहतर होने का आधार उनके लगन और उनके ध्यान को बताया। श्री अजय कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के अमेरिका के शिकागो शहर मैं उनके व्याख्यान की चर्चा करते हुए बताया, कि सर्व धर्म सम्मेलन में जब पूरे विश्व के धर्म उपदेशक वहां मौजूद थे और उन्हें अपने अपने विचार रखने के लिए 5 मिनट का समय नहीं मिल रहा था, ऐसी स्थिति में जब स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की व्याख्या प्रस्तुत की। लोग अत्यंत तन मन से लगभग आधे घंटे चुपचाप सुनते रहे। उसके पश्चात अमेरिका के लोगों में बहुत से उनका शिष्यत ग्रहण करने उतावले हो गए। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अमित सिंह ने उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं की ओर से कुमारी समीना परवीन बीए द्वितीय वर्ष ने स्वामी जी का जीवन परिचय कराया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति के साथ शमीना परवीन




भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति के साथ देवेंद्र गिरि

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग.email-govt.collegesilphili@gmail.com

## गाँधीजी की 150वीं जयंती पर निबंध तथा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

गांधी जी की 150वीं जयंती पर निबंध तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 15 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था- "वर्तमान संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता"। उक्त प्रतियोगिता में कुल 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कक्ष क्रमांक 7 में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी सरला बीए अंतिम वर्ष , द्वितीय स्थान पर 2 विद्यार्थी रहे पुनीता सिरदार बीए अंतिम वर्ष तथा समीना परवीन बीए द्वितीय वर्ष। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रही सुनीता राजवाड़े उक्त प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि प्रतियोगिता में सिर्फ लड़कियां ही विजेता रही उक्त प्रतियोगिता के कुल 12 प्रतिभागियों में सिर्फ 4 प्रतिभागी छात्र थे, 8 प्रतिभागी छात्राएं ही थे। इसी प्रकार महाविद्यालय के विभिन्न प्रतियोगिताओं में लड़कियों की भागीदारी ही अधिक रहती है। प्रतियोगिता के संयोजक महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी रहे।

छत्तीसगढ़ शासन के उसी पत्र के तारतम्य में दिनांक 21 दिसंबर 2018 को प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो गांधीजी के जीवन पर आधारित था। उक्त प्रतियोगिता में गांधीजी के बचपन उनके जीवन तथा राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भागीदारी के संबंध में प्रश्न पूछे गए प्रतियोगिता में कुल 7 समूहों के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया अर्थात दो-दो विद्यार्थियों का एक-एक समूह बना। प्रतियोगिता में भागीदारी बहुत उत्साहजनक रही। टीम ए में समीना तथा ज्योति कुशवाहा टीम बी में ममता सिंह तथा अंजना विश्वास, टीम सी में देवेंद्र तथा बोधन राम, टीम डी में शिवचरण तथा नंदकुमार, टीम ई में दीपा कुशवाहा तथा खुशराजी टीम एफ में देवंती मार्को तथा सुरीता तथा टीम जी में संजय सिंह तथा संदीप ने भागीदारी की। उक्त प्रतियोगिता में टीम सी अर्थात देवेंद्र तथा बोधन राम जो बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों का समूह था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ए तथा एफ दोनों ही बराबर अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। टीम ई के प्रतिभागी तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे।

उक्त प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन प्राध्यापक अमित सिंह बना पर तथा श्री आशीष कुमार कौशिक ने किया तथा इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती सुनीता गुप्ता रहे इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com


## आवश्यक सूचना

दिनांक–14–12–2018

महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती समारोह के कार्यान्वयन के तारतम्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15/12/2018 को दोपहर दो बजे किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता का विषय निम्नानुसार हैं–

**वर्तमान संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों की प्रासंगिकता**

प्रतियोगिता में अधिकाधिक विद्यार्थियों की प्रतिभागिता अपेक्षित है। प्रतिभागी अपना नाम दिनांक 15/12/2018 को दोपहर 12 बजे तक श्री अजय कुमार तिवारी के पास अवश्य पंजीकृत करा लें।

B.Com. I 14/12/18

प्राचार्य
Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में ध्वजारोहण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 15 अगस्त 2018 को महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा स्वाधीनता दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् संक्षिप्त वक्तव्य में प्राचार्य महोदय ने स्वाधीनता आंदोलन के संक्षिप्त इतिहास बताते हुए देश की स्वाधीनता के बलिदान देने वाले स्वाधीनता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी को स्वाधीनता दिवस की बधाई दी।



ध्वजारोहण के पश्चात् संक्षिप्त वक्तव्य देते हुए प्राचार्य महोदय

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili@gmail.com*


दिनांक 11 जुलाई 2018

## विश्व जनसंख्या दिवस पर रैली कार्यक्रम में सहभागिता

सरगुजा विश्वविद्यालय द्वारा 11 जुलाई 2018 को विश्व जनसंख्या दिवस पर अंबिकापुर नगर में विश्वविद्यालय स्तर पर रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली में विश्वविद्यालय से संबद्ध निकटस्थ विद्यालय तथा महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के छात्रों को सम्मिलित किया गया। इस रैली में शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के दस छात्रों सहित कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर शामिल हुए। यह रैली प्रातः 8 बजे से विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः विश्वविद्यालय परिसर में आकर सम्पन्न हुआ। रैली में विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव एवं रासेयो के समन्वयक डॉ अनिल सिन्हा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। रैली में शामिल छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा टीशर्ट, कैप एवं सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया।

रैली के पश्चात् महाविद्यालय के छात्रों को अंबिकापुर नगर निगम का एस एल आर एम सेंटर का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें वेस्ट मैनेजमेंट एवं इससे होने वाले आय के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रासेयो के महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर के साथ साथ निम्नलिखित विद्यार्थी शामिल हुए–

### रैली में शामिल स्वयंसेवकों की सूची

| क्र. | छात्र/छात्रा का नाम | कक्षा | मोबाईल नं0 | रक्त समूह | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | |
| 01 | DEVENDRA GIRI | B.Sc. III | 7818071251 | B+ | GOND PARA |
| 02 | NAND KUMAR | B.Sc. III | 9111763604 | B+ | PARSAPARA |
| 03 | BODHAN RAM | B.Sc. III | 7089526917 | AB+ | PASAPARA |
| 04 | ABHIJEET VISHWAS | B.A. III | 9669142823 | A+ | SILPHILI |
| 05 | POOJA YADAV | B.SC. II | 8269509692 | AB+ | GANESHPUR |
| 06 | ANJU ROY | B.Sc. III | 7869195748 | A+ | KAMALPUR |
| 07 | INDRAJEET YADAV | B.A. II | 7697572521 | O+ | PARSAPARA |
| 08 | SANTOSHI SHEEL | B.Sc. II | 9754749797 | AB+ | KAMALPUR |
| 09 | ARCHANA YADAV | B.A. III | 8435881197 | O+ | KAMALPUR |
| 10 | SARLA SINGH | B.A. III | 7747051740 | A+ | PAHADGAUN |

Scanned with CamScanner




सरगुजा विश्वविद्यालय की रैली में शामिल कार्यकम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर तथा छात्र छात्राएँ




अंबिकापुर नगर निगम का एस एल आर एम सेंटर का भ्रमण

Scanned with CamScanner




अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

दिनांक 21 जून 2018

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने योग के शारीरिक तथा मानसिक लाभों के विषय में सूक्ष्मता से बतलाते हुए प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। उन्होने बताया कि योग तथा प्राणायाम शरीर तथा मन को जोड़ने तथा दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने का काम करता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार, तड़ासन, वज्रासन, वकासन, भुजंगासन इत्यादि योगासनों के साथ–साथ कपालभाति, नाड़ीशोधन, भ्रामरी, भस्त्रिका, अनुलोम–विलोम जैसे प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया तथा सामूहिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि शरीर के अधिकांश रोग कोशिकाओं को ऑक्सीजन नहीं मिल पाने के कारण होते है। प्राणायाम प्राण वायु अर्थात ऑक्सीजन से जुड़ा हुआ है । प्राणायाम से बड़े तथा भयावह रोगों से मुक्ति मिलती है। उससे शरीर की विभिन्न कोशिकाओं तक ऑक्सीजन का संचार होता है जिससे कोशिकाओं की जीवनशक्ति बढ़ती है और शरीर रोगों से बचा रहता है। योग शरीर तथा मन दोनों के विकार को दूर करता है।

उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग प्रदर्शन में महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व छात्र, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner



योगासन का प्रशिक्षण देते प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र



योगासन करते विद्यार्थी, महाविद्यालयीन अधिकारी–कर्मचारी तथा भूतपूर्व छात्र

प्राचार्य

Scanned with CamScanner

15.2.20 (52-53)


# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

## Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.

Website-Govtcollegesilphili.ac.in

E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com


## रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण समारोह

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रेब रिबन क्लब के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा अंतिम चरण में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 15/02/2020 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति की देवी माँ शारदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम के संचालक सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में पिछले कुछ दिनों से रक्तदान, एचआईवी/एड्स तथा युवा दिवस से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं के साथ–साथ एचआईवी/एड्स तथा रक्तदान पर कार्यशाला व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को युवाओं की शक्ति के प्रति जागरुक किया गया तथा सावधानी तथा जानकारी के अभाव में होने वाले भयानक रोगों के विषय में उन्हें जानकारी दी गई।


फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से निबंध, चित्रकला, रंगोली, भाषण, पोस्टर इत्यादि के साथ–साथ 13 फरवरी को एचआईवी/एड्स एवं रक्तदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर गोपाल कंवर, एसोसिएट प्रोफेसर, मेडिकल कालेज अंबिकापुर थे। उन्होंने बहुत विस्तार से एचआईवी फैलने के कारणों को बताया। उन्होंने बताया कि एचआईवी तथा एड्स दोनों अलग–अलग टर्म है। एचआईवी के वायरस जब शरीर के विभिन्न भागों में फैल जाते हैं, तब एड्स की स्थिति बनती है। एचआईवी के वायरस हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे–धीरे समाप्त कर देते हैं, इसीलिए किसी भी रोग का असर अधिक होता जाता है और छोटी–छोटी बीमारियों के होने से हम गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। हम कुछ सावधानियाँ रखकर एचआईवी को फैलने से रोक सकते हैं। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, एक ही सिरिंज का कई लोगों के लिए उपयोग इत्यादि से एचआईवी के वायरस एक व्यक्ति से दूसरे में संक्रमित होते हैं जिससे थोड़ी सावधानी से बचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रक्तदान के लाभ के विषय में भी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि रक्तदान जीवनदान है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर चार माह में रक्तदान कर सकता है। वैसे भी रक्तकोशिकाओं का जीवन चार माह ही होता है। रक्तदान का व्यक्ति के शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं होता। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अनेक प्रश्नों के उत्तर अत्यंत सहजता से दिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने रक्तदान को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि रक्तदान के पश्चात् हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएँ बहुत तेजी से विकसित होती हैं। एचआईवी/एड्स इत्यादि पर बात करना भी हमारे समाज में ठीक नहीं समझा जाता है। ऐसे में हम इन भयावह तथा लाइलाज बीमारियों से नहीं बच सकते । उन्होने समाज को इस विषय में जागरुक करना आवश्यक बताया।

अंततः 15 फरवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदान, एचआईवी/एड्स तथा युवा दिवस से संबंधित सभी प्रतियोगिताओ के विजेताओं तथा उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री अजय कुमार तिवारी ने किया। समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में प्राध्यापक वर्ग से श्री बृजकिशोर त्रिपाठी, सुश्री प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी, सुश्री पूजा सिंह, वरिष्ठ लिपिक श्री बिरेंद्र सिन्हा श्री ताराचंद साहू, श्री रवि प्रताप सिंह के साथ–साथ श्री अशोक राजवाड़े, श्री दिनेश, श्री हेमंत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


नोडल अधिकारी
रेड रिबन क्लब

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner





रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में 10/02/2020 को आयोजित निबंध प्रतियोगिता





रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में 12/02/2020 को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता

Scanned with CamScanner



डॉ.गोपाल कंवर, एसोसिएट प्रोफेसर, मेडिकल कालेज अंबिकापुर एचआईवी/एड्स फैलने के कारणों को बताते हुए




डॉ.गोपाल कंवर एचआईवी/एड्स फैलने तथा उससे बचाव के विभिन्न चरणों को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए

Scanned with CamScanner

19.02.2020 पत्रिका

**आयोजन :** रेड रिबन क्लब के तत्वावधान हुआ व्याख्यान

# युवाओं को सेहत की सजगता व संक्रमण के खिलाफ किया सावधान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अंबिकापुर. शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में सेहत की जानकारी देते हुए संक्रमण, नशा के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी ने रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेड रिबन के तहत रक्तदान, एचआईवी, एड्स के प्रति सचेत करने वाले व्याख्यान हुए। विद्यार्थियों को संक्रमण और उसकी चिकित्सा के प्रति सजग किया गया।

महाविद्यालय में निबंध, चित्रकला, रंगोली, भाषण, पोस्टर आदि एचआईवी, एड्स एवं रक्तदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉक्टर गोपाल कंवर ने एचआईवी फैलने के कारणों को बताया। उन्होंने बताया कि एचआईवी तथा एड्स दोनों अलग-अलग टर्म हैं। एचआईवी के वायरस जब शरीर के विभिन्न भागों में फैल जाते हैं, तब एड्स की स्थिति बनती है। एचआईवी के वायरस हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देते हैं, इसीलिए किसी भी रोग का असर अधिक होता जाता है। छोटी-छोटी बीमारियों के होने से हम गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। कुछ सावधानियां रखकर एचआईवी को फैलने से रोक सकते हैं। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, एक ही सिरिंज का कई लोगों के लिए उपयोग इत्यादि से एचआईवी के वायरस एक व्यक्ति से दूसरे में संक्रमित होते हैं जिससे थोड़ी सावधानी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर चार माह में रक्तदान कर सकता है। रक्तकोषिकाओं का जीवन चार माह ही होता है। रक्तदान का व्यक्ति के शरीर पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं होता। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार मिश्र ने रक्तदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि रक्तदान के पश्चात् हमारे शरीर में नई रक्त कोषिकाएँ बहुत तेजी से विकसित होती हैं। एचआईवी/एड्स इत्यादि पर बात करना भी हमारे समाज में ठीक नहीं समझा जाता है। ऐसे में हम इन भयावह तथा लाइलाज बीमारियों से नहीं बच सकते।

पुरस्कार वितरण समारोह में रक्तदान, एचआईवी/एड्स तथा युवा दिवस से संबंधित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बृजकिशोर त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, पूजा सिंह, बिरेंद्र सिन्हा, ताराचंद साहू, रवि प्रताप सिंह, अशोक राजवाड़े, दिनेश, हेमंत उपस्थित रहे।



छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.
Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 24 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा जयंती राय ने महिलाओं तथा बालिकाओं के बारे में बताया, जिसमें उसने बालिकाओं तथा महिलाओं से संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इनमें महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा से संबंधित बातें मुख्य रूप से शामिल की गई थी। इसके पश्चात बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अनिशा बहादुर ने महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता के विषय में बताया। उसने बताया कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत महिला बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में की तथा उसके पश्चात से अनेक शासकीय योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वर्तमान में प्रभावी हैं, जिनका लाभ उठाने की आवश्यकता है। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने सरकार की योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से सरकार बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने के लिए प्रयासरत है, उसके लिए शासकीय संस्थाओं में बालिकाओं के लिए शिक्षण शुल्क मुक्ति के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास भी शामिल है। इसके लिए शासन के द्वारा गांव गांव में इससे संबंधित पोस्टर लगाए जा रहे हैं तथा स्थान स्थान पर इससे संबंधित बातें दीवारों पर लिखकर ग्राम वासियों को इसकी जानकारी दी जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक जागरूक होने को कहा तथा उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने की बात भी कही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी डॉ प्रेमलता एक्का श्री अमित सिंह बनाफर श्रीमती शालिनी शांता कुजूर श्रीमती अंजना श्री अजय कुमार तिवारी श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री संदीप सोनी श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




बालिकाओं की जागरूकता के महत्व को बतलाते प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र




बालिकाओं की जागरूकता पर बच्चों से चर्चा करते प्राध्यापक गण

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# राष्ट्रीय बालिका दिवस

NOVELTY
PAGE NO. :
DATE : दिनांक - 24/1/2020

आज दिनांक 24/1/2020 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। छात्र - छात्राओं के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में रखा गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ राजकुमार मिश्रा जी थे। इस कार्यक्रम में सबसे पहले B.Sc. III वर्ष की छात्रा जयंती राय के द्वारा बालिका, महिलाओं के बारे में बताया कि शासकीय योजना के बारे में, इसके बाद कुमारी अनिशा बहादुर B.Sc. III^rd year की छात्रा ने महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया। इसकी शुरुआत महिला बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में शुरू की थी। इसके पश्चात B.Sc. II वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने इसके बारे में जानकारी दी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' इस कार्यक्रम का संचालन NSS के संचालक सहा. प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर ने किया। इस कार्यक्रम में बालिका दिवस पर प्राचार्य ने छात्र - छात्राओं को आशीर्वचन के साथ बालिका दिवस के बारे में जागरूकता जानकारी दी इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे एवं स्टाफ के सदस्य गण उपस्थित थे।

[signature] 24/1/2020

Smt Anjana — [signature]
Ajay Kr. Tiwari [signature] 24/01/20
Dr. Premlata Ekka [signature] 24.1.2020
Smt Shalini Shanta Kujur [signature] 24/1/20
Pooja Singh — [signature] 24/1/2020
Ashish Kaushik [signature]
[signature]

Signature.........

[stamp: शासकीय महाविद्यालय ... जिला-सूरजपुर (छ.ग.)]

Scanned with CamScanner

| | छात्र / छात्राओं का नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1) | वैष्णवी गुप्ता | B.Sc. 1st year | V.Gupta |
| 2) | प्रियंका बैरागी | B.A I | Priyanka |
| 3) | सुष्मिता सिंह | B.A I | Sushmita |
| 4) | रीना राजवाड़े | A.B.A. I | Reena |
| 5) | लीलावती राजवाड़े | A.B.A-I | Leelawati |
| 6) | संजना कुशवाहा | A.B.A. I | Sanjana |
| 7) | उषा | A.B.A. I | USHA |
| 8) | शशिकला | B.A I | Shashikala |
| 9) | सुनीता राजवाड़े | B.A. I | Sunita |
| 10) | अंजु राजवाड़े | B.Sc. II | Anju Rajwade |
| 11) | अनिषा बहादुर | B.Sc IInd | Anisha |
| 12) | पूर्णिमा राजवाड़े | B.Sc II | Purnima |
| 13) | मधु कुमारे | B-SC. I | Madhu |
| 14) | रोशनी एक्का | B.Sc. I | Rekka |
| 15) | श्रेया यादव | B.Sc I | Shreya |
| 16) | Mohan Malakar | B.Sc 1st | [illegible] |
| 17) | Devashish Das | B.Sc 1st | [illegible] |
| 18) | Prakash Das | B.Sc 1st | [illegible] |
| 19) | Ridik Samadar | B.Sc 1st | [illegible] |
| 20) | Pawan Vishwakarma | B.Sc - I | Pawan |
| 21) | Geetaprasad | B.Sc 1st | Geetaprasad |
| 22) | Parmeshwari | B.Sc I st | Parmeshwari |
| 23) | Dhaneshwari | B.A II | Dhaneshwari |
| 24) | Tekmaniya | B.A. II | Tekmaniya |
| 25) | Sunita Rajwade | B.sc. I year | Sunita |
| 26) | Tara Rajwade | B.A II year | Tara |
| 27) | Kushila | A.B.A. II year | Kushila |
| 28) | Kunti Rajwade | A.B.A II year | Kunti |
| 29) | Ranu Kushwaha | A.B.A I year | [illegible] |

Signature..........................

Scanned with CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30) | Muneshwari | B.A I year | Muneshwari |
| 31) | Usha | B.A I year | USHA |
| 32) | Pooja Ravi | BSC. 1st year | Pooja |
| 33) | Saroj Rari | BSC. III rd year | Saroj |
| 34) | Tavinkaj giri | B.A III rd year | Pankaj |
| 35) | Rekha kushwaha | B.A I year | Rekha |
| 36) | Sanjay Singh | B.A II year | Sanjay |
| 37) | Naveen Singh | B.A. II year. | Naveen |
| 38) | Kranti | B.S.C III | Kranti |
| 39) | Namita pradhan | B.S.C. I st year | Namita |
| 40) | Damini Singh | B.S.C. I st year | Damini |
| 41) | Amrita das | B.S.C 1 year | Amrita |
| 42) | Neelu kushaha | B.S.C 1 year | Neelu |
| 43) | Kaushilya paikra | B.S.C 1 year | Kaushilya |
| 44) | Sonam | B.S.C 1 year | Sonam |
| 45) | Priya Kushwaha | B.Sc. III year | Priya |
| 46) | Dixit Sirdar | B.Sc I year | Dixit |
| 47) | Pratibha gadhewal | B.S.C I year | Pratibha |
| 48) | Chanda mini | B.Sc. III year | Chanda |
| 49) | Suman singh | B.Sc III | Singh |
| 50) | Muskan Bhani | B.Sc. III | |
| 51) | Jayanti Ray | B.Sc III | Jayanti |
| 52) | Sonsay Singh | B.COM.I | Sonsai |
| 53) | Phuleshwar Rajwade | B.A.I | Phuleshwar |
| 54) | Ashok Kumar | BA-I | Ashok |
| 55) | Sonu Kumar | B.A.I | Sonu |
| 56) | Vikas Khan | B.A.I | Vikas |

Signature..........

NOVELTY
PAGE NO. :
DATE : / /

| | | | |
|---|---|---|---|
| 57) | Balamukund Sahu | B.A.I | Balamukund |
| 58) | Bhuwan Pratap Rajwade | B.A.I | [signature] |
| 59) | Sundar Sai | B.Sc. III | Sundarsai |
| 60) | Monika Das | B.Sc. III | Monika |
| 61) | Rekha Singh | B.A III | Rekha s. |
| 62) | Sadhna Singh | B.Sc. III | Sadhna |
| 63) | Tapeshwari Sarthi | B.Sc.-III | Tapeshwari |
| 64) | Pushpa Lakra | B.Sc III | Pushpa |
| 65) | Shanti Rajwade | B.Sc. III | Shanti |

शासकीय महाविद्यालय बिलासपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Signature..........................

14.01.20 (21)

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र के निर्देशन में छात्र छात्राओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के सहयोग से स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

शिविर के प्रथम सत्र में डॉ. दुर्गेश यादव, चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के द्वारा छात्रों को पोषण आहार, मौसमी बीमारी, कुछ विशेष प्रकार के रोगों जैसे कैंसर, एड्स, कुष्ठ रोग तथा विशेष रूप से महिलाओं में पाए जाने वाले सर्वाइकल कैंसर के कारण एवं उससे बचने के उपायों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। इन रोगों के संबंध में समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि हमारा पेट ही शरीर के अधिकांश रोगों का जनक है, इसलिए हमें अपने खानपान को नियमित एवं संयमित रखना चाहिए। संतुलित भोजन के साथ–साथ उसके लेने के समय को भी विशेष ध्यान में रखना चाहिए। अधिक पानी पीने से भोजन का पाचन ठीक से होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है इससे पथरी की संभावना भी बहुत कम हो जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए ब्लडप्रेशर तथा शुगर तथा कैंसर से संबंधित प्रश्नों के बहुत विस्तार से उत्तर दिए। डॉ. श्यामलाल चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के द्वारा नेत्र संबंधी बीमारी एवं नेत्रदान जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मछली एवं पीले फलों में सर्वाधिक विटामिन ए पाया जाता है, जो आँखों की रोशनी की बेहतर रखने में मदद करता है। उन्होंने आँखों की आंतरिक तथा वाह्य संरचना को चित्र द्वारा समझाकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत की।

व्याख्यान सत्र के पश्चात् छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण टीम द्वारा छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न उपयोगी तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया। स्वास्थ्य परीक्षण में 147 विद्यार्थी लाभान्वित हुए जबकि 38 विद्यार्थियों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में डॉ दुर्गेश यादव, डॉ. श्यामलाल चौधरी के साथ साथ लैब टेकनीशियन श्री अतुल रंजन सिंह एवं सहायक श्री मोहन कुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।


कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्शन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी, सुश्री पूजा सिंह तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner





अतिथियों का परिचय देते रासेयो प्रभारी श्री अमित सिंह बनाफर



स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी देते फिजीसियन डॉ दुर्गेश यादव

Scanned with CamScanner




स्वास्थ्य परिक्षण के पश्चात् मुफ्त आवश्यक दवाइयों का वितरण करते टेकनीशियन श्री अतुल रंजन सिंह



महाविद्यालय की छात्रा की आँखों का परीक्षण करते नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ श्यामलाल चौधरी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

शुक्रवार - 17 जनवरी 2020



# शरीर के अधिकांश रोगों का जनक है पेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

- रासेयो द्वारा सिलफिली कॉलेज में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन
- 185 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच, दी गई आवश्यक दवाएं

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली की रासेयो इकाई द्वारा कमलपुर के सहयोग से स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुर्गेश यादव ने छात्रों को पोषण आहार, मौसमी बीमारी, कुछ विशेष प्रकार के रोगों जैसे कैंसर-एडस, कुष्ठ रोग तथा विशेष रूप से महिलाओं में पाए जाने वाले सर्वाइकल कैंसर के कारण एवं उससे बचने के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इन रोगों के संबंध में समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि हमारा पेट ही शरीर के अधिकांश रोगों का जनक है, इसलिए हमें अपने खानपान को नियमित एवं संयमित रखना चाहिए। संतुलित भोजन के साथ-साथ उसके लेने के समय को भी विशेष ध्यान में रखना चाहिए। अधिक पानी पीने से भोजन का पाचन ठीक से होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इससे पथरी होने की संभावना भी बहुत कम हो जाती है। उन्होने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए ब्लड प्रेशर, शुगर तथा कैंसर से संबंधित प्रश्नों के बहुत विस्तार से उत्तर दिए। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. श्यामलाल चौधरी ने नेत्र संबंधी बीमारी एवं नेत्रदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मछली एवं पीले फलों में सर्वाधिक बिटामिन ए पाया जाता है, जो आंखो की रोशनी की बेहतर रखने में मदद करता है। उन्होंने आंखों की आंतरिक तथा बाह्य संरचना को चित्र द्वारा समझाकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत की।



शिविर में स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

व्याख्यान पश्चात छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत छात्र-छात्राओं को आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। टीम ने 147 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जबकि 38 विद्यार्थियों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में डॉ. दुर्गेश यादव, डॉ. श्यामलाल चौधरी के साथ लैब टेक्नीशियन अतुल रंजन सिंह एवं सहायक मोहन कुमार ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक बीके त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलता एक्का, अजय कुमार तिवारी, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, सुश्री पूजा सिंह तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

शुक्रवार 17 जनवरी 2020

**शिविर : स्वास्थ्य जांच कर विद्यार्थियों को वितरित की गईं दवाएं**

# संतुलित आहार से ही स्वस्थ शरीर के लिए किया आह्वान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अंबिकापुर. शासकीय महाविद्यालय सिलफिली की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के सहयोग से स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर के प्रथम सत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ दुर्गेश यादव ने छात्रों को पोषण आहार, मौसमी बीमारी, कैंसर, एड्स, कुष्ठ रोग, सर्वाइकल कैंसर के कारण एवं उससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारा पेट ही शरीर के अधिकांश रोगों का जनक है। खानपान को नियमित एवं संयमित रखना चाहिए। संतुलित भोजन के साथ-साथ उसके लेने के समय को भी विशेष ध्यान में रखना चाहिए। अधिक पानी पीने से भोजन का पाचन ठीक से होता है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। पथरी की संभावना भी बहुत कम हो जाती है।। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए ब्लडप्रेशर तथा शुगर तथा कैंसर से संबंधित प्रश्नों के बहुत विस्तार से उत्तर दिए।



शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया। स्वास्थ्य परीक्षण में 147 विद्यार्थी लाभान्वित हुए जबकि 38 विद्यार्थियों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण टीम में डॉ दुर्गेष यादव, डॉ. श्यामलाल चौधरी के साथ साथ लैब टेकनीशियन अतुल रंजन सिंह एवं सहायक मोहन कुमार ने सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक अमित सिंह बनाफर, बीके त्रिपाठी, डॉ. प्रेमलता एक्का, अजय कुमार तिवारी, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, पूजा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विटामिन 'ए' आंखों के लिए आवश्यक

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. श्यामलाल चौधरी नेत्र संबंधी बीमारी एवं नेत्रदान जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मछली एवं पीले फलों में सर्वाधिक विटामिन 'ए' पाया जाता है, जो आँखों की रोशनी की बेहतर रखने में मदद करता है। उन्होंने आँखों की आंतरिक तथा वाह्य संरचना को चित्र द्वारा समझाकर विद्यार्थियों के सवालों का जवाब दिया।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

प्रति,

चिकित्सा अधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलपुर
जिला–सूरजपुर, छत्तीसगढ़।

विषयः– महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने बाबत्।

विषयांतर्गत लेख है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर दिनांक 07/01/2020 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय परिसर में निश्चित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित शिविर में उपस्थित होकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोग देने का कष्ट करें।

प्राचार्य
Principal
Govt. College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ. ग.

पृ. क.– रासेयो/2020

सिलफिली, दिनांक– 3/01/2020

प्रतिलिपि –

1 मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय, सूरजपुर।

प्राचार्य
Principal
Govt. College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ. ग

O/C

Scanned with CamScanner

**कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली**

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

दिनांक– 03–01–2020

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं का **स्वास्थ्य परीक्षण शिविर दिनांक 07 / 01 / 2020** दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय परिसर में निश्चित किया गया है। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति आवश्यक है।

Principal
Govt.-College Silphili
Distt.-Surajpur (C.G.)

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ. ग.

Scanned with CamScanner

(स्नातक पद परामर्श ... शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में)

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

दिनाँक 14-01-20

मंगलवार

आज दिनाँक 14-01-2020 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में छात्र छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय कार्यक्रम 12:00 बजे इसकी शुरुवात की गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं निर्देशक महा. के प्राचार्य डॉ. राम कुमार मिश्रा के संरक्षण में किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. दुर्गेश यादव कमलपुर अस्पताल डॉ. श्री श्यामलाल चौधरी नेत्र रोग विशेषज्ञ सिंग जी लैब टेक्नीशियन एवं मोहन कुमार सहयोगी आदि से जानकारी देने आये हुए थे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत कार्यक्रम पुष्पगुच्छ देकर किया गया महा. अध्यक्ष मोनिका शाह B.Sc III rd, महा. उपाध्यक्ष - अनुन्दर साय B.Sc III rd, महा. सचिव - मनिषा बहादुर B.Sc II nd तथा महा. सहसचिव - मनिषा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

यह कार्यक्रम दो भागों में बाँटा गया है।

पहला भाग - स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विषय बारे में सबसे पहले डॉ दुर्गेश यादव ने जानकारी दी।

दूसरा भाग - स्वास्थ्य परीक्षण को।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा महा. के प्राध्यापक गण एवं स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ दुर्गेश यादव AMO
2. डॉ श्यामलाल चौधरी PMO
3. श्री अतुल रंजन सिंह
4. श्री मोहन कुमार मोहन सिंह
5. B. K. Tripathi B.Tripathi

Shalini Sharma Kujur

Signature ...

(शासकीय महाविद्यालय ... सूरजपुर (छ.ग.)) 14/01

Studentes

PAGE NO. :
DATE : / /

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1) प्रियंका साहा | BSc III | Priyanka |
| 2) साधना सिंह | BSc III | Sadhna |
| 3) आँचल | B.A III | Anchal |
| 4) मोनिका दास | B.Sc. III | Monika |
| 5) शांति यादव | B.Sc III | Shanti |
| 6) तपेश्वरी सारथी | B.SC-III | Tapeshwari |
| 7) पुष्पा एक्का | BSC-III | Pushpa |
| 8) रवीना टेकाम | BSc-III | Ravina |
| 9) सुमन | BSc III | Singh |
| 10) किरण सिंह पैंकरा | BSc III | Kiran Singh |
| 11) नीरू सिंह | B.A III | Neeru Singh |
| 12) जयन्ति राम | B.Sc-III | Jayanti |
| 13) सीमा एक्का | B.A III | Seema |
| 14) पूजा राय | BSc Ist | [illegible] |
| 15) सुमन्ती लकड़ा | BSc III | Sumanti |
| 16) रेखा सिंह | B.A III | Rekha |
| 17) वैष्णवी गुप्ता | B.Sc. 1st year | V Gupta |
| 18) सुनीता राजवाड़े | B A I | Sunita |
| 19) सावित्री राजवाड़े | BA-I | Savitree |
| 20) शशिकला राजवाड़े | BA I | Shashikala |
| 21) रिंकी राजवाड़े | BA III | Rinki Rajwade |
| 22) गौरी सिंह | BA III | Singh |
| 23) ममता | BA III | Mamta |
| 24) अतुल यादव | BSC III | [illegible] |
| 25) शिवचरण | BSC III | Shiv |
| 26) जयधन | BSC III | [illegible] |
| 27) कमला कुजूर | B.Com II | [illegible] |
| 28) अनिता बिस्वास | B.Com II | [illegible] |

Signature............

Scanned with CamScanner

NOVELTY
PAGE NO.: 
DATE: / /

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| उषा विश्वकर्मा | B.A. I | Usha |
| (31) अन्नु पैकरा | B.A I | अन्नु पैकरा |
| (31) पनेश्वरी पैकरा | B.A I | पनेश्वरी |
| (32) इलियस लकड़ा | B.Sc II | Iliyas |
| (33) राजेश कुमार | B.Sc. II | Rajesh |
| (34) रवेल जाय | BA II | [illegible] |
| (35) अजय कुमार | B.Sc. I | Ajay |
| (36) शेखर कुमार कुशवाहा | B.A. Ist | Shekhar |
| (37) श्रवण कुमार | B.A. Ist | Shrawan Kumar |
| (38) विजय कुमार यादव | B.Com. Ist | [illegible] |
| (39) प्रमोद कुमार | B.Com. II | Pramod |
| (40) किरण कुमारी | B.A I | [illegible] |
| (41) मुनेश्वरी | B.A I | मुनेश्वरी |
| (42) बबली सिंह | B.A. II | Babli Singh |
| (43) सुषमा पैकरा | B.A. I | Sushma Paikra |
| (44) अर्जुन सिरदार | B.A I | [illegible] |
| (45) पुष्पा राजवाड़े | B.A II | [illegible] |
| (46) इन्द्रजीत राजवाड़े | B.Sc II year | [illegible] |
| (47) [illegible] राजवाड़े | B.A. I | [illegible] |
| (48) सोनू कुमार | B.A. I | Sonu |
| (49) विश्वजीत | B.A. I | [illegible] |
| (50) बुधेश्वर देवांगन | B.A II | [illegible] |
| (51) राकेश | B.A III | Rakesh |
| (52) लाल चन्द | B.Sc. II | [illegible] |
| (53) [illegible] | BA III | [illegible] |
| (54) Mohan Kumar | B.Sc. Ist | [illegible] |
| (55) तारा राजवाड़े | B.A. II | Tara |
| (56) सीमा राजवाड़े | B.A. II | Seema |

Signature.................

PAGE NO. :
DATE : / /

| नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 58 कल्पना वैद्य | B.S.C II | Kalpana |
| 59 किरन मिश्रा | B.S.C II | Kiran |
| 59 देवाशिष दास | B.S.C I | [illegible] |
| 60 ज्योति कुशवाहा | B.A. III | J.Kushwaha |
| 61 रानू कुशवाहा | B.A I | Ranu |
| 62 गायत्री [illegible] | B.Com I | Gayatri |
| 63 प्रियंका राजवाड़े | B.COM. III | Priyanka |
| 64 शीतल सिंह | B. Com III | Sheetal |
| 65 ज्योति सिंह | B. COM III | Jyoti |
| 66 सुलेखा मंडरी | B. COM III | [illegible] |
| 67 प्रभा [illegible] | B.COM III | [illegible] |
| 68 रेखा कुशवाहा | B.A. I | Rekha |
| 69 रीता राजवाड़े | B.Sc I | रीता |
| 70 अनीता राजवाड़े | B.A III | Anita |
| 71 मोना गुप्ता | B.Sc. II | Mona |
| 72 पूनम सिंह | B.S.C. II | पूनम |
| 73 अंजू राजवाड़े | B.Sc. III | Anju |
| 74 नेहा राजवाड़े | B.Sc. II | Neha |
| 75 नारायणी सिंह | B.Com. I st | Narayani |
| 76 कलेश्वरी सिंह | B. com I st | Kaleshwari |
| 77 तपेश्वरी यादव | B. Com I st | Tapeshwari |
| 78 शमीना परवीन | B.A III | Shamina |
| 79 अंजना विश्वास | B.A III | Anjuna |
| 80 रानी राजवाड़े | B.A. I | Rani |
| 81 शतेश्वरी | B.A. I | Shateshwari |
| 82 गायत्री | B.A I | Gayatri |
| देवमुनी सिंह | B.S.C I | Devmuni |
| 84 सोनम | B.S.C. I | Sonam |

Signature..................

Scanned with CamScanner

PAGE NO. :
DATE : / /

| | | |
|---|---|---|
| नीलु कुशवाहा | B.S.C I | |
| (8) पार्वती | | Neelu |
| (9) दिक्षित | B.S.C I | Parvati |
| (10) Tapashwari | B.S.C I | Dixit |
| (11) रूपमेन्द्र | B.S.C I | Tapeshwari |
| (12) परमेश्वरी | B.S.C II | Rajmati |
| (13) सोनामती | B.S.C I | Parmeshwari |
| (14) अनिषा | B.S.C I | Sonamati |
| (15) सोनम | B.S.C II | Anisha |
| (16) प्रतिभा | B.S.C I | Sonam |
| (17) Pawan Vishwakarma | B.Sc-I | Pratibha |
| (96) मोहन सिकरवार | B.Com IInd | Pawan |
| (97) सतीश कुमार | B.S.C I | Mohan |
| (98) निर्मला | B.S.C II | Satish |
| (99) सुन्दर साय | B.SC III | Nirmala |
| | | Sundar Sai |

Dr. Premlata Ekka — 14.1.2020

Smt. Anjana — Anj

अजय कुमार तिवारी — [signature]

Signature........

शासकीय महाविद्यालय ... सूरजपुर (छ.ग.)

शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.
Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में युवा दिवस का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली **स्वामी विवेकानंद सरस्वती की जयंती** को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का समय 2:00 बजे अपराहन रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ज्योति कुशवाहा एवं साथियों ने छत्तीसगढ़ राज्य का राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार' गाया। स्वामी विवेकानंद जी जीवन का संक्षिप्त परिचय बीएससी अंतिम वित्तीय वर्ष की छात्रा पूर्णिमा राजवाड़े ने प्रस्तुत किया। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा ज्योति कुशवाहा के द्वारा स्वामी विवेकानंद के कुछ संस्मरणों को प्रस्तुत किया गया।

इसी तारतम्य में महाविद्यालय के महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बीके त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अमेरिका के शिकागो शहर में दिए गए उनके भाषण के विषय में बताते हुए उन्होंने बताया कि एक गुलाम देश के व्यक्ति के द्वारा दुनिया के विकसित देशों में भारतीय संस्कृति की मिसाल पेश की गई तो सर्व धर्म सम्मेलन में पूरी दुनिया को पता चला कि भारतीय संस्कृति कितनी उदात्त और उच्च है। स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए वक्तव्य के बाद वहां के नागरिकों द्वारा उनके शिष्य बनने तथा भारतीय संस्कृति को अपनाने की बात कहीं जाने लगी। सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विषय में बताते हुए यह बताया के स्वामी विवेकानंद बचपन से अत्यंत मेधावी थे । एक बार पढ़ लेने से उन्हें पूरी पुस्तक याद हो जाती थी। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य और कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर रामकुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे, क्योंकि उन्हें कुल जीवन 39 वर्ष का प्राप्त हुआ और उन्होंने उतने ही दिनों में स्वयं को अमर कर लिया। वे चाहते थे कि युवा खूब भोजन करें और उतनी ही मेहनत करें। वे तब तक परिश्रम करते रहें जब तक उन्हें लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए युवाओं की संख्या किसी भी देश में सर्वाधिक होती है इसीलिए उनका देश के विकास में सर्वाधिक योगदान होना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन श्री अमित सिंह कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई के द्वारा संपन्न किया गया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी डॉ प्रेमलता एक्का श्री अमित सिंह श्रीमती शालिनी शांता कुजूर श्रीमती अंजना श्री अजय कुमार तिवारी श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री संदीप सोनी श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




मंच संचालन करते महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर





विद्यार्थियों को संबोधित करते महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृजकिशोर त्रिपाठी

Scanned with CamScanner




विद्यार्थियों को संबोधित करते महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्राएँ

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. *email-govt.collegesilphili@gmail.com*

## पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 6/12/19 को पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता एवं श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य वक्ता श्री दीपक कुमार पासवान ने महाविद्यालय के छात्रों को समाज के लिए पुलिस की उपयोगिता तथा काइम के बढ़ते तरीकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए पुलिस के प्रति समाज में जो भ्रांतियाँ हैं उसे अपने मन से निकाल उनके प्रति सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग के लोग भी उसी समाज से आते हैं, जहाँ सामान्य जनता रहती है। परंतु समाज में शांति व्यवस्था तथा 'लॉ एण्ड आर्डर' बनाए रखने के लिए उन्हें कठोर निर्णय लेना पड़ता है तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अगर आप संविधान में बनाए गए नियमों के अनुसार एवं विधि सम्मत कार्य करेंगे तो आपको पुलिस से भयभीत होने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है। अंत में उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि घर से बाहर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो या उन्हें कोई परेशानी हो तो वे उनसे सीधा संपर्क कर सकते हैं उन्हें यथासंभव तत्काल सहायता दी जाएगी। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं की असुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं को बेखौफ महाविद्यालय आने–जाने तथा किसी भी समस्या पर तत्काल सूचित करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने पुलिस और समाज के बीच बढ़ती दूरी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुलिस हमारी मित्र है, हमें उनके प्रति भ्रांति नहीं रखनी चाहिए। हमें सोशल मीडिया से आ रही खबरों के प्रति सचेत व सजग रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री अजय कुमार तिवारी, श्री भारत लाल कंवर, श्री संदीप सोनी, श्री बीरेंद्र सिन्हा, श्री ताराचंद साहू, श्री रवि प्रताप सिंह तथा श्री अशोक राजवाड़े के साथ–साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर का संबोधन




अपनी शंका का समाधान करती छात्रा मोनिका वैद्य




प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र का संबोधन




ध्यान से सुनते विद्यार्थी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

...दायित्व का निर्वहन करते देखा रहें हैं।

अम्बिकावाणी — 11-12-2019

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



**अम्बिकापुर (अंस)।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में पुलिस जनता की मित्र विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता एवं श्री दीपक कुमार पासवान टी आई जयनगर थाना, जिला सूरजपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य वक्ता दीपक कुमार पासवान ने महाविद्यालय के छात्रों को समाज के लिए पुलिस की उपयोगिता तथा क्राइम के बढ़ते तरीकों पर प्रकाष डालते हुए कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए पुलिस के प्रति समाज में जो भ्रांतियाँ हैं उसे अपने मन से निकाल उनके प्रति सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। पुलिस विभाग के लोग भी उसी समाज से आते हैं, जहाँ सामान्य जनता रहती है। परंतु समाज में शांति व्यवस्था तथा ह्लॉ एण्ड आर्डरह्व बनाए रखने के लिए उन्हें कठोर निर्णय लेना पड़ता है तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अगर आप संविधान में बनाए गए नियमों के अनुसार एवं विधि सम्मत कार्य करेंगे तो आपको पुलिस से भयभीत होने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है। अंत में उन्होंने छात्रों को आष्वासन दिया कि घर से बाहर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो या उन्हें कोई परेषानी हो तो वे उनसे सीधा संपर्क कर सकते हैं उन्हें यथासंभव तत्काल सहायता दे जाएगी। विशेष रूप से उन्होंने महिलाओं की असुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं को बेखौफ महाविद्यालय आने-जाने तथा किसी भी समस्या पर तत्काल सूचित करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने पुलिस और समाज के बीच बढ़ती दूरी पर प्रकाष डालते हुए कहा कि पुलिस हमारी मित्र है, हमें उनके प्रति भ्रांति नहीं रखनी चाहिए। हमें सोषल मीडिया से आ रही खबरों के प्रति सचेत व सजग रहने की आवष्यकता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, अजय कुमार तिवारी, भरत लाल कंवर, संदीप सोनी, वीरेंद्र सिन्हा, [illegible] साहू, रवि प्रताप सिंह तथा अशोक राजवाड़े के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर ने किया।

Scanned with CamScanner

# 'आम जनता की सुरक्षा के लिए है पुलिस सकारात्मक सोच के साथ करें सहयोग'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 09.12.2019

अंबिकापुर. पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए पुलिस के प्रति समाज में जो भ्रांतियाँ हैं उसे अपने मन से निकाल उनके प्रति सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता है। यह बातें शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में 'पुलिस जनता की मित्र' विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान जयनगर थाना के नगर निरीक्षक दीपक कुमार पासवान ने कही। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के लोग भी उसी समाज से आते हैं, जहाँ सामान्य जनता रहती है। समाज में शांति व्यवस्था तथा 'लॉ एण्ड आर्डर' बनाए रखने के लिए उन्हें कठोर निर्णय लेना पड़ता है। आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आप संविधान में बनाए गए नियमों के अनुसार एवं विधि सम्मत कार्य करेंगे तो आपको पुलिस से भयभीत होने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि घर से बाहर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि हो या उन्हें कोई परेशानी हो तो पुलिस सेसंपर्क कर सकते हैं। पीड़ित को यथासंभव तत्काल सहायता दी जाएगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए में प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने कहा कि पुलिस हमारी मित्र है, हमें उनके प्रति भ्रांति नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता एक्का, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित सिंह बनाफर, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, अजय कुमार तिवारी, भारत लाल कंवर, संदीप सोनी, बीरेंद्र सिन्हा, ताराचंद साहू, रवि प्रताप सिंह, अशोक राजवाड़े के उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# पुलिस कार्य प्रणाली

NOVELTY
PAGE NO. :
दिनांक - 6/12/19

आज दिनांक 6/12/19 को शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में श्री पासवान जी के द्वारा वक्तव्य दिया गया जो कि जयनगर के टी. आई. हैं साथ ही पुलिस स्टाफ के सदस्य भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. राम कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में सभी संकाय के विद्यार्थी, कार्यालय के कर्मचारी गण एवं प्राध्यापक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उद्देश्य पुलिस की कार्य प्रणाली को जन-जन तक पहुँचाना एवं पुलिस के छवि को बताना एवं जनसामान्य से जोड़ना है ताकि लोग अपनी समस्या को बेखौफ, बिना झिझक के पुलिस को बताए एवं वे समस्या दूर करने में मदद कर सकें।

| नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| दीपक कुमार पासवान | टी.आई. | [signature] |
| B. K. Tripathi | Asst Prof | [signature] 8349991127 |
| R. S. K[illegible] | T.I | 9479195901 / 9479193919 |
| संदीप कुमार सोनी | सहा. प्राध्या. | [signature] |
| श्रीमती अंजना | — " — | [signature] |
| Shalini Shanta Kujur | — " — | [signature] |
| Bharat Lal Kamal | — " — | [signature] |
| Ajay kumar tiwari | — " — | [signature] |
| प्रभा सिंह | | [signature] |

Signature............

शासकीय महाविद्यालय ... जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

NOVELTY
PAGE NO. :
DATE : / /

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | ज्योति कुशवाहा | B.A. III year | Jkushwaha |
| (2) | नेहा कुशवाहा | B.A. II year | Neha |
| (3) | उपासना कुशवाहा | B.A. II year | UPASNA |
| (4) | रेखा कुशवाहा | B.A. I year | Rekha |
| (5) | Monika Baidya | B.A. II year | Monika |
| (6) | Gangotri Rajwade | B.Sc II Year | Gangotri |
| (7) | सुनीता रजवाड़े | B.A. II year | सुनीता रजवाड़े |
| (8) | Rani Kushwaha | B.A. I year | Rani Kushwaha |
| 9 | Sangeeta mistry | B.A. II year | Sangeeta mistry |
| 10 | संजना कुशवाह | B.A. I year | Sanjana Kushwaha |
| (11) | प्रियंका कुशवाहा | B.A. II year | प्रियंका कुशवाहा |
| (12) | पुष्पावती गुप्ता | B.Sc 1st year | Gupta |
| (13) | दीक्षित सिरदार | B.Sc 1st year | [illegible] |
| (14) | पार्वती सिरदार | B.Sc 1st year | Parwati |
| 15 | पूजा शर्मा | B.Sc 1st year | [illegible] |
| (16) | अमृता दास | B.Sc 1st year | Amrita |
| (17) | सोनम ठाकुर | B.Sc 1st year | Sonam |
| (18) | Neela kushwaha | B.Sc 1st year | Neela |
| (19) | आकांक्षा चौहान | B.A. I year | Akanksha |
| (20) | प्रीति कुशवाहा | B.A. II year | Preeti |
| (21) | मंजू कुमार | BSc I year | Manju |
| (22) | प्रतिभा गोरेवाल | BSc I year | Pratibha |
| (23) | नीतू रजवाड़े | BSc I year | Neetu |
| (24) | साधना सिंह | B.Sc. IIIrd year | Sadhna |
| 25) | रानी कुशवाह | B.Sc III ord year | रानी |
| 26) | Twinkal | B.A III year | Twinkal |
| 27) | Priya Kushwaha | B.Sc III year | Priya |
| 28) | Priyanka Saha | BSc III year | Priyanka |
| 29) | Sumanti Lakra | BSc III year | Sumanti |
| 30) | Sadhna Sarkar | BSc III year | Sadhna |

s Signature........................

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31) | Jailaleeta | B.sc III year | Jailaleeta |
| 32) | Rekha Singh | B.A III year | Rekha |
| 33) | कोरामोती पैकरा | B.sce II year | कोरामोती |
| 34) | Poonam Singh | B.S.C. II year | Poonam |
| 35) | Purnima Rajwade | B.SC II year | Purnima |
| 36) | Anisha Bahadur | B.Sc II year | Anisha |
| 37) | शमीना परवीन | B.A. III rd year | Shamina |
| 38) | Seema EKKa | B.A III rd year | Seema |
| 39 | Anchal vishwakarma | B.A III rd year | Anchal |
| 40 | Debu Das | BSC Ist year | [illegible] |
| (41) | Mohari Malakar | BSC Ist year | Moh |
| (42) | Sundar Sai | BSc III year | Sundarsai |
| (43) | Heeraman | BA I year | Heeraman |
| (44) | Prakash [illegible] | Bsc. 1st year | Prakash [illegible] |
| (45) | Shekhar kushwaha | B.A I | Shekhar |
| (46) | Bhupendra Sirdar | B.A I year | [illegible] |
| (47) | Sanjay (Sanju) Singh | B.A II | Sanjay |
| 48 | Naveen Singh | B.A IInd | Naveen |
| (49) | Rakesh Kushwaha | B.A II | [illegible] |
| (50) | Pawan Vishwakarma | B.Sc - I | Pawan |
| (51) | Ajay Kumar | B.Sc 1st | [illegible] |

Signature.........

Scanned with CamScanner

26.11.19

(17)

# शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

**Government College, Silphili, Dist. Surajpur C.G.**

Website-Govtcollegesilphili.ac.in E-mail-govt.collegesilhili@gmail.com

## संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के अनुसार कार्य करने की शपथ ग्रहण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 26 नवंबर 2019 को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के अनुसार कार्य करने की शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं को संविधान के अनुपालन की शपथ महाविद्यालय के प्राचार्य ने दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री अमित सिंह बनाफर ने संविधान के उन अनुच्छेदों के विषय में बताया, जिनमें नागरिकों की समानता की बात की गई है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम कुमार मिश्र ने संविधान के लोक हितकारी रुप को प्रस्तुत करते हुए बताया कि संविधान ने हमें जाति भेद तथा धर्म भेद से दूर रहकर समान रहने का अधिकार दिया है देश में कोई भी धर्म राष्ट्रीय धर्म नहीं है देश जातिभेद को मान्यता नहीं देता। हम सभी को मिलजुलकर देश की एक इकाई के रूप में देश के संवर्धन में मदद करनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन तथा अंत में आभार प्रदर्शन श्री अमित सिंह बनाफर कार्यक्रम प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय इकाई के द्वारा संपन्न किया गया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी डॉ प्रेमलता एक्का श्री अमित सिंह बनाफर श्रीमती शालिनी शांता कुजूर श्रीमती अंजना श्री अजय कुमार तिवारी श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री संदीप सोनी श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य कार्यालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वें जन्मदिवस पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती तथा महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात् बी ए अंतिम की छात्रा शमीना परबीन ने महात्मा गाँधी के जीवन का संक्षिप्त परिचय दिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री बृजकिशोर त्रिपाठी ने बताया कि महात्मा गाँधी ने विदेश जाकर रंगभेद के खिलाफ आंदोलन किया। गाँधीजी जिसे सत्य मान लेते थे उसपर परिणाम की चिंता किए बगैर अडिग रहते थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने अपने उदबोधन में कहा कि गाँधीजी सत्य को ही ईश्वर मानते थे। उन्होंने गाँधी जी की तीन प्रमुख मान्यता की ओर ध्यान आकर्षित कराया– भलाई में अपनी भलाई समझना, शारीरिक श्रम को सबसे बड़ा तथा महत्त्वपूर्ण कार्य मानना तथा नाई तथा वकील के काम को बराबर मानना अर्थात किसी के काम को छोटा या बड़ा न मानना। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट आइंस्टाइन ने गाँधीजी से मिलने के बाद कहा था कि भविष्य में लोग इस बात पर विश्वास नहीं करेंगे कि हाड़–मांस से बना ऐसा त्यागी और निःस्वार्थी जीव भी दुनिया में हुआ होगा। उन्होंने कहा कि गाँधीजी के व्यक्तित्व का कुछ अंश का भी अनुपालन यदि हम अपने जीवन में कर सकें तो गाँधीजी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की।

कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्शन रासेयो की महाविद्यालय की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी श्री बिरेंद्र सिन्हा, श्री रवि सिंह, श्री अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner




प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र का संबोधन



व्याख्यान में भाग लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

1

Scanned with CamScanner

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम

अम्बिकापुर अंस)। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वें जन्मदिवस पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती तथा महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात बी ए अंतिम की छात्रा शमीना परबीन ने महात्मा गाँधी के जीवन का संक्षिप्त परिचय दिया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी ने बताया कि महात्मा गाँधी ने विदेश जाकर रंगभेद के खिलाफ आंदोलन किया। गाँधीजी जिसे सत्य मान लेते थे उसपर परिणाम की चिंता किए बगैर अडिग रहते थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने अपने उदबोधन में



कहा कि गाँधीजी सत्य को ही ईश्वर मानते थे। उन्होंने गाँधी जी की तीन प्रमुख मान्यता की ओर ध्यान आकर्षित कराया- भलाई में अपनी भलाई समझना, शारीरिक श्रम को सबसे बड़ा तथा महत्त्वपूर्ण कार्य मानना तथा नाई तथा वकील के काम को बराबर मानना अर्थात किसी के काम को छोटा या बड़ा न मानना। उन्होंने कहा कि अल्बर्ट आइंस्टाइन ने गाँधीजी से मिलने के बाद कहा था कि भविष्य में लोग इस बात पर विष्वास नहीं करेंगे कि हाड़-मांस से बना ऐसा त्यागी और निःस्वार्थी जीव भी दुनिया में हुआ होगा। उन्होंने कहा कि गाँधीजी के व्यक्तित्व का कुछ अंष का भी अनुपालन यदि हम अपने जीवन में कर सकें तो गाँधीजी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की।

कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्षन रासेयो की महाविद्यालय की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक अमित सिंह बनाफर ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अजय कुमार तिवारी, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, भारत लाल कंवर, आषीष कौषिक, संदीप सोनी बिरेंद्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

"अम्बिकावाणी 4.10.2019"

Scanned with CamScanner

# सत्य को ईश्वर के रूप में किया स्थापित

पत्रिका - 03 अक्टू 2019



शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती तथा महात्मा गाँधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्रा शमीना परबीन ने महात्मा गाँधी के जीवन के कृतित्व व व्यक्तित्व से अवगत कराया। बृजकिशोर त्रिपाठी ने गांधी जी अस्पृश्यता की को बताया। प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने कहा कि गाँधीजी सत्य को ही ईश्वर मानते थे। उन्होंने गाँधी जी की तीन प्रमुख मान्यता की ओर ध्यान आकर्षित कराया। भलाई में अपनी भलाई समझना, शारीरिक श्रम को सबसे बड़ा तथा महत्त्वपूर्ण कार्य मानना तथा नाई तथा वकील के काम को बराबर मानना अर्थात किसी के काम को छोटा या बड़ा न मानना। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। कार्यक्रम के दौरान अमित सिंह बनाफर, अजय कुमार तिवारी, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, बिरेंद्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता उपस्थित रहे।

24.03.19 (117)

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के रासेयो इकाई द्वारा रासेयो की 50वीं स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्रथम सत्र में महाविद्यालय में प्रातः 9.30 बजे से 12 बजे तक श्रमदान किया गया, जिसमें पौधों की सुरक्षा की व्यवस्था एवं महाविद्यालय की सफाई की गई। रासेयो के 18 वर्ष या उससे अधिक के स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रेड रिबन क्लब की स्थापना की गई जिसमें 17 छात्र–छात्राओं ने रक्तदान के लिए अपना पंजीयन कराया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि श्री प्रभु नारायण वर्मा, सेवा निवृत्त बैंक मैनेजर बैंक आफ बड़ौदा रहे। सत्र की शुरूआत माँ सरस्वती तथा रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात् बी ए अंतिम की छात्रा ज्योति कुशवाहा द्वारा रासेयो का विस्तृत परिचय दिया गया, कुमारी शमीना परवीन ने रासेयो के प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय तथा पूरे विश्व में उनके द्वारा भारतीय संस्कृति की विशेषताओं के प्रचार से अवगत कराया। छात्रों को स्वामीजी से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री प्रभुनारायण वर्मा द्वारा स्वामीजी के जीवन की विभिन्न घटनाओं को विस्तारपूर्वक रखा गया। साथ ही रासेयो की नई चुनौतियों एवं कर्तव्यों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। वे युवाओं की शक्ति को विश्व में सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में बड़े जद्दोजहद से बोलने का समय पानेवाले स्वामीजी के संबोधन 'मेरे प्यारे भाइयों और बहनों' से ही हजारों लोग चकित हुए और उनके भाषण को मंत्रमुग्ध सुनते चले गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने अपने उदबोधन में स्वयंसेवकों को स्वामीजी के जीवन से प्रेरणा लेने व उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारने को कहा।


कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्शन रासेयो की महाविद्यालय की इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री बृजकिशोर त्रिपाठी, श्री अजय कुमार तिवारी, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, श्री आशीष कौशिक, श्री संदीप सोनी श्री विरेंद्र सिन्हा, श्री रवि सिंह, श्री अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner




मुख्य अतिथि श्री प्रभुनारायण वर्मा का स्वागत




रासेयो के प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद का परिचय देती छात्रा शमीना परवीन

Scanned with CamScanner




वक्तव्य देते मुख्य अतिथि




कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर

Scanned with CamScanner



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महाविद्यालयीन स्टाफ तथा विद्यार्थी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

कार्यक्रम

28. सितम्बर - 2019

# ‘विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाएं स्वयंसेवक’

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अंबिकापुर. शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर पौधरोपण किया। 18 वर्ष या उससे अधिक के स्वयं सेवकों द्वारा प्रदेश शासन के निर्देशानुसार रेड रिबन क्लब की स्थापना की गई, जिसमें 17 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान के लिए अपना पंजीयन कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती तथा प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्रा ज्योति कुशवाहा ने रासेयो का विस्तृत परिचय दिया। कुमारी शमीना परबीन ने स्वामी



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

विवेकानंद के जीवन से अवगत कराया। छात्रों को स्वामीजी से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभु नारायण वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के चुनौतियों एवं कर्तव्यों के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। वे युवाओं की शक्ति को विश्व में सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में बड़े जद्दोजहद से बोलने का समय पानेवाले स्वामीजी के संबोधन 'मेरे प्यारे भाइयों और बहनों' से ही हजारों लोग चकित हुए और उनके भाषण को मंत्रमुग्ध सुनते चले गए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को स्वामीजी के जीवन से प्रेरणा लेने व उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारने को कहा। इस अवसर पर अमित सिंह बनाफर, किशोर त्रिपाठी, अजय कुमार तिवारी, शालिनी शांता कुजूर, अंजना, भारत लाल कंवर, आशीष कौशिक, संदीप सोनी, बिरेंद्र सिन्हा, रवि सिंह, अशोक राजवाड़े, सुनीता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com


## महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कार्यशाला

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज दिनांक 18 सितंबर 2019 को महाविद्यालय में बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान तथा महिला सुरक्षा के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने की इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में श्री मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती इंदिरा चौबे, परियोजना अधिकारी एवं श्रीमती मरियम तिग्गा विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। श्री मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी बच्चों के संरक्षण के लिए उनके भोजन में पोषक तत्वों का समावेश आवश्यक है यदि हम बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान नहीं करेंगे तो बच्चे कुपोषण के शिकार होंगे। लगभग हर गांव के हर मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जहां 1 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए पोषक आहार की व्यवस्था रहती है। हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी यदि जागरूक होंगे तो उनके आसपास संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का लाभ उनके मोहल्ले को मिल सकेगा महिला उत्पीड़न तथा उससे उनकी सुरक्षा संदर्भ में श्रीमती इंदिरा चौबे ने बताया कि महिला सुरक्षा वर्तमान में एक चुनौती के रूप में समाज के समक्ष हैं और उसके लिए जागरूकता सबसे अधिक जरूरी है यदि महाविद्यालय की बालिकाएं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहेंगी तो महिला अपराध अथवा महिला उत्पीड़न की घटनाएं बहुत कम हो जाएंगी। यदि किसी बालिका या स्त्री को किसी तरह के उत्पीड़न का शिकार होना पड़े तो थाने में इसकी शिकायत करें। जिससे पुलिस अधिकारी उनकी मदद कर पाएँ। इन दोनों के साथ-साथ विशिष्ट वक्ता श्रीमती मरियम ने महाविद्यालय की बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने के तरीके बताए।

इस कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ प्रेमलता एक्का ने किया इस अवसर पर प्राध्यापक श्री बृज किशोर त्रिपाठी श्री अमित सिंह बनाफर श्रीमती शालिनी शांता कुजुर श्रीमती अंजना श्री भारत लाल कंवर श्री आशीष कौशिक श्री वीरेंद्र सिन्हा श्री रवि सिंह श्री अशोक राजवाड़े श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner





<u>जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल का वक्तव्य</u>




महिला उत्पीड़न तथा शिकायत प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ प्रेमलता एक्का

Scanned with CamScanner




<u>कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली</u>

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

20.08.19

(5A)

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में सद्भावना दिवस

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की जयंती 20 अगस्त 2019 को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी ने बताया कि राजीव गाँधी सर्व धर्म समभाव में विश्वास करते थे वे चाहते थे कि सभी धर्म के लोग साथ साथ एक दूसरे का उत्साहवर्धन करते हुए एक दूसरे के त्योहारों को मिल–जुलकर मनाएँ, यही सच्चा मानव धर्म है। मानव मात्र का सम्मान करना तथा संकट में उसका साथ देना ही मनुष्यता है। उन्होंने बताया कि भारत के सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को लोगों में बढ़ावा देने के लिए यह दिवस हर साल 20 अगस्त को मनाया जाता है। बी ए अंतिम की छात्रा सीमा एक्का ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी के जीवन का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। संक्षिप्त कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम के समापन के समय आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी ने अशोक का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात् प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री अमित सिंह बनाफर, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, श्रीमती अंजना, श्री भारत लाल कंवर, डॉ. प्रेमलता एक्का, श्री आशीष कौशिक, श्री बिरेंद्र सिन्हा, श्री रवि सिंह, श्री अशोक राजवाड़े, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner




प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी द्वारा सद्भावना दिवस पर उद्बोधन



सद्भावना दिवस पर उद्बोधन में भाग लेते महाविद्यालय के विद्यार्थी

Scanned with CamScanner



सद्भावना दिवस पर वृक्षारोपण के लिए गड्ढा खोदते प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी




वृक्षारोपण करते विद्यार्थी

(डॉ. रामकुमार मिश्र)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला– सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला—सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili @gmail.com

## शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में ध्वजारोहण

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 15 अगस्त 2019 को महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा स्वाधीनता दिवस मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री बी के त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् संक्षिप्त वक्तव्य में प्राचार्य महोदय ने स्वाधीनता आंदोलन के संक्षिप्त इतिहास बताते हुए देश की स्वाधीनता के बलिदान देने वाले स्वाधीनता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी को स्वाधीनता दिवस की बधाई दी।



ध्वजारोहण के पश्चात् संक्षिप्त वक्तव्य देते हुए प्राचार्य महोदय

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय सिलफिली
जिला— सूरजपुर, छत्तीसगढ़

Scanned with CamScanner

21.6.19 ①

# कार्यालय प्राचार्य,शासकीय महाविद्यालय सिलफिली

जिला–सूरजपुर, छ.ग. email-govt.collegesilphili@gmail.com

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में दिनांक 21 जून 2019 को श्री संतोष सिंह अधिवकता के मुख्य आतिथ्य में तथा प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य डॉ रामकुमार मिश्र ने योग के शारीरिक तथा मानसिक लाभों के विषय में सूक्ष्मता से बतलाते हुए प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। उन्होने बताया कि योग तथा प्राणायाम शरीर तथा मन को जोड़ने तथा दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने का काम करता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार, तड़ासन, वज्रासन, वक्रासन, भुजंगासन इत्यादि योगासनों के साथ–साथ कपालभाति, नाड़ीशोधन, भ्रामरी, भस्त्रिका, अनुलोम–विलोम जैसे प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया तथा सामूहिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि शरीर के अधिकांश रोग कोशिकाओं को ऑक्सीजन नहीं मिल पाने के कारण होते है। प्राणायाम प्राण वायु अर्थात ऑक्सीजन से जुड़ा हुआ है । प्राणायाम से बड़े तथा भयावह रोगों से मुक्ति मिलती है। उससे शरीर की विभिन्न कोशिकाओं तक ऑक्सीजन का संचार होता है जिससे कोशिकाओं की जीवनशक्ति बढ़ती है और शरीर रोगों से बचा रहता है। योग शरीर तथा मन दोनों के विकार को दूर करता है।

उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग प्रदर्शन में महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व छात्र, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

Scanned with CamScanner






Scanned with CamScanner

23 जून 2017, पत्रिका

# ने का लिया संकल्प




## महाविद्यालय में मना योग दिवस

शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षक, विद्यार्थियों ने योग किया। प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने योग के बाद उपस्थित लोगों को योग की विशेषताओं और स्वास्थ्य लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर अधिवक्ता संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner